भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

22.07.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 638 का उत्तर

लंबित रेलवे परियोजनाओं का पुनरारंभ

638. श्री ईशा खान चौधरी:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार द्वारा पहले दिए गए उत्तर में मालदा जिले में कालियाचक-मोथाबाड़ी ब्लॉक मार्ग पर स्थित एलसी गेट संख्या 49/एसपीएल के स्थान पर खालितपुर में रेलवे उपरिगामी पुल (आरओबी) के निर्माण हेतु रेलवे द्वारा 100 प्रतिशत वित्तपोषण के अंतर्गत 100 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति की पुष्टि किए जाने के बावजूद अब तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो इसकी समय-सीमा सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या रतुआ-1 ब्लॉक के समसी स्थित समपार संख्या 101 पर "स्पेशल क्लास" रेल उपरिगामी पुल (टीवीयू 4 लाख से अधिक), जिसे रेलवे बजट 2011-12 में स्वीकृत किया गया था और जिसकी आधारशिला वर्ष 2013 में रखी गई थी, अभी भी लंबित है और यदि हाँ, तो इसके कारणों सहित तत्संबंधी ब्यौरा तथा उक्त रेल उपरिगामी पुल के निर्माण कार्य के प्रारंभ एवं पूर्ण होने के लिए निर्धारित समय-सीमा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) और (ख): भारतीय रेल में समपारों के स्थान पर ऊपरी/निचले सड़क पुलों के निर्माण कार्यों की स्वीकृति एक सतत् और गतिशील प्रक्रिया है। ऐसे निर्माण कार्यों की प्राथमिकता का निर्धारण और शुरुआत गाड़ी परिचालन में संरक्षा पर प्रभाव, गाड़ियों की गतिशीलता और सड़क उपयोगकर्ताओं पर पड़ने वाले प्रभाव और व्यवहार्यता आदि के आधार पर किया जाता है।

2004-14 की तुलना में 2014-26 (मई, 2026 तक) की अवधि के दौरान भारतीय रेल पर निर्मित ऊपरी/निचले सड़क पुलों की संख्या निम्नानुसार है:

अवधि	निर्मित ऊपरी/निचले सड़क पुल
2004-14	4,148 अदद
2014-26 (मई, 2026 तक)	14,451 अदद (पश्चिम बंगाल राज्य में 547 अदद)

01.06.2026 की स्थिति के अनुसार, पश्चिम बंगाल राज्य में लगभग 8,060 करोड़ रुपए की लागत से 363 अदद ऊपरी/निचले सड़क पुलों के निर्माण कार्य सहित भारतीय रेल में लगभग 1,17,492 करोड़ रुपए की लागत पर 4,993 अदद ऊपरी/निचले सड़क पुलों के निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं, जो योजना और निष्पादन के विभिन्न चरणों में हैं।

मालदा मंडल में खालतिपुर और चामाग्राम स्टेशनों के बीच समपार संख्या 49/एसपीएल के स्थान पर ऊपरी सड़क पुल का निर्माण कार्य लगभग 40 करोड़ रुपये की रेलवे लागत पर स्वीकृत किया गया है। सामान्य व्यवस्था आरेखण (जीएडी) तैयार करने का कार्य शुरू कर दिया गया है।

कटिहार मंडल के न्यू जलपाईगुड़ी-मालदा टाउन खंड पर कि.मी. 198/8-9 पर समपार संख्या एनसी-101 के स्थान पर ऊपरी सड़क पुल का निर्माण कार्य लागत में साझेदारी के आधार पर 2012-13 के दौरान स्वीकृत किया गया था। राज्य सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण पूरा नहीं होने के कारण कार्य रुका हुआ था। इसके बाद, सार्वजनिक हित को देखते हुए, कार्य रेलवे की लागत पर शुरू किया गया है। सामान्य व्यवस्था आरेखण (जीएडी) का कार्य शुरू किया गया है।

ऊपरी/निचले सड़क पुल के निर्माण कार्य को पूरा करना और कमीशन करना, समपार को समाप्त करने के लिए सहमति देने में राज्य सरकारों का सहयोग, पहुंच मार्ग का संरेखण निर्धारित करने, सामान्य व्यवस्था आरेखण (जीएडी) के अनुमोदन, भूमि अधिग्रहण, अतिक्रमण हटाने, अतिलंघनकारी जनोपयोगी सेवाओं के स्थानांतरण, विभिन्न प्राधिकरणों से सांविधिक स्वीकृतियां, परियोजना/कार्य स्थलों के क्षेत्र में कानून और व्यवस्था की स्थिति, जलवायु संबंधी परिस्थितियों आदि के कारण परियोजना विशिष्ट/क्षेत्र के लिए एक वर्ष में कार्य अवधि आदि जैसे विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है। ये सभी कारक परियोजनाओं/निर्माण कार्यों के पूरा होने के समय को प्रभावित करते हैं।

******